## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 807.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 13 सितम्बर तक 807.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 24.6 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 826 मिली मीटर, पुसौर में 943.2, खरसिया में 735.4, सारंगढ़ में 860.8, बरमकेला में 685.4, घरघोड़ा में 794.2, तमनार में 727.4, लैलूंगा में 824.3 तथा धरमजयगढ़ तहसील में 871 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए 23 सितम्बर तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र ग्राम-नवापारा, ग्राम पंचायत छुहीपाली में आंगनबाडी कार्यकर्ता पद के लिए जारी प्राविधिक/ अनंतिम मूल्यांकन पत्रक के आधार पर 23 सितम्बर 2021 सायं 5.30 बजे तक दावा-आपत्ति मंगाए गए है। दावा-आपत्ति हेतु आवेदन सीधे एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण में परियोजना अधिकारी के पास जमा कर सकते है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए 28 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र बरपाली-02 ग्राम पंचायत बरपाली में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए 28 सितम्बर 2021 तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक आवेदिका अपना परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण में जमा कर सकते है। नियुक्ति के संबंध विस्तृत दिशा-निर्देश कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### मामूली विवाद पर युवक की हत्या,आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर में आमानाका क्षेत्र में चाकू मारकर एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी रितिक सोना हत्या करने के बाद वही से गुजरने वाली रेलवे लाइन के पास खड़ी मालगाड़ी में के डिब्बे में जाकर छिप गया था।लेकिन पुलिस ने उसे साइबर सेल की मदद से गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात 9 बजे डबरापारा इलाके में मृतक और आरोपी के भाई के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद वह रोते हुए घर गया और अपने भाई रितिक सोना 20 वर्ष को बताया कि खुच-खुख तांडी उर्फ रिंकू 20 वर्ष ने उसे पीटा है। इस बात से नाराज होकर रितिक सोना घर से धारदार हथियार लेकर आया और तांडी के सीने व उसके पेट में वार किया। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। जिससे तांड़ी की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आरोपी और मृतक की पहले से जान-पहचान भी थी। दोनों ही नशे की हालत में थे।

# नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों के राजीनामा के आधार पर हुआ प्रकरणों का निपटारा



**रायगढ़।** नेशनल लोक अदालत, जो इस बार विशेष हाईब्रीड लोक अदालत के रूप में वर्चुअल एवं फिजिकल दोनों माध्यमों से जिला न्यायालय रायगढ़ सहित तहसील न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़ एवं खरसिया में आयोजित किया गया। जिला एवं तहसील न्यायालयों को मिलाकर कुल 20 खण्डपीठों का गठन किया गया। श्रम न्यायालय एवं किशोर न्याय बोर्ड हेतु पृथक खण्डपीठ का गठन किया गया। राजस्व न्यायालयों में कुल 30 खण्डपीठों का गठन किया गया।

जिला एवं तहसील न्यायालयों में विभिन्न प्रकृति के राजीनामा योग्य मामले जैसे-मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक वसूली के प्रकरण, आपराधिक मामले, विद्युत मामले, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, चेक अनादरण, सिविल मामले के साथ-साथ इस बार आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामले, जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल करते हुए खण्डपीठों में लंबित प्रकरण 3036 एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरण 7037 को राजीनामा के आधार पर निराकरण हेतु लोक अदालत में रखा गया।

रखे गये कुल 10073 प्रकरणों में से लंबित 1705 एवं प्रीलिटिगेशन 257 प्रकरण निराकृत हुये। इस प्रकार कुल 1962 प्रकरणों का निराकरण, जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय, किशोर न्याय बोर्ड, रायगढ़ एवं तहसील स्थित व्यवहार न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़ एवं खरसिया न्यायालय में राजीनामा के आधार पर किया गया और उन प्रकरणों के अंतर्गत कुल 2 करोड 84 लाख 86 हजार 693 रूपये का सेटलमेंट हुआ।

राजस्व न्यायालयों में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे के मामले, वारिसों के मध्य बंटवारे के मामले, कब्जे के आधार पर बंटवारा के मामले, दण्ड प्रक्रिया संहिता 145 के कार्यवाही के मामले, विक्रयपत्र/दानपत्र/वसीयतनामा के आधार पर नामान्तरण के मामले एवं शेष अन्य प्रकृति के कुल 3488 मामले रखे गये जिनमें से 3419 मामलों का निराकरण आज की लोक अदालत में राजस्व न्यायालय की गठित कुल 30 खण्डपीठ द्वारा किया गया। राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण के अतिरिक्त इस हाईब्रीड लोक अदालत में विशेष यह रहा कि विशेष मजिस्ट्रेट की बैठक द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-321, धारा-258 के अन्तर्गत एवं अन्य छोटे मामलों का जिसमें धारा 188 भा.द.सं. के अन्तर्गत वापसी के प्रकरण और आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 के मामलों को शामिल कर, उनका भी निराकरण किया गया। विशेष मजिस्ट्रेट की बैठक द्वारा संपूर्ण जिला एवं तहसील न्यायालयों में कुल 1303 प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा गया जिसमें से 1180 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

नेशनल लोक अदालत में राजीनामा हेतु न्यायालय में आने वाले पक्षकारों के लिये कोविड संक्रमण से बचाव हेतु सेनिटाइजर एवं मास्क की सुविधा उपलब्ध कराई गई। न्यायालय परिसर में जगह-जगह पीने के पानी की व्यवस्था की गई। समग्र यात्री जन कल्याण एवं सेवा समिति, रायगढ़ तथा समस्त बस आपरेटरों के द्वारा लोक अदालत में आने वाले पक्षकारों को न्यायालय के माध्यम से मुहर लगी नोटिस दिखलाये जाने पर उन्हें निःशुल्क बस सेवा सुविधा उपलब्ध कराई गई। मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी रायगढ़ की ओर से जिला रायगढ़, सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़ एवं खरसिया के न्यायालयीन परिसर में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा एवं कोविड टीकाकरण (प्रथम एवं द्वितीय डोज) की भी व्यवस्था की गई थी। जिसमें विशेषकर वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जॉच की गई व नागरिकों द्वारा कोविड-19 टीकाकरण का लाभ भी लिया गया।

## राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना अंतर्गत भूमिहीन परिवारों का पंजीयन 30 नवम्बर तक

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य के भूमिहीन कृषि मजदूरों को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इस वर्ष से संचालित राजीव गांधी ग्राामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत् भूमिहीन परिवारों के पंजीयन के लिए आवेदक अपने क्षेत्र के ग्राम पंचायत में पंजीयन हेतु आवेदन दे सकते हैं।

ग्रामीण क्षेत्र में भूमिहीन कृषि मजदूर परिवार की पहचान कर इन परिवारों को 6 हजार रूपए वार्षिक आर्थिक अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उनके शुद्ध आय में वृद्धि होगी। योजना अंतर्गत पंजीयन के लिए कृषि मजदूरों से बिलासपुर जिले के 483 ग्राम पंचायतों में 1 सितम्बर 2021 से आवेदन लिए जा रहे है। बिल्हा जनपद पंचायत के 127 ग्राम पंचायतों में अब तक 3 हजार 183 आवेदन प्राप्त हुए है। इसी तरह कोटा के 131 ग्राम पंचायतों में 2 हजार 350 आवेदन, मस्तूरी के 103 ग्राम पंचायतों में 2 हजार 284 आवेदन और तखतपुर जनपद पंचायत के 122 ग्राम पंचायतों में 4 हजार 896 से ज्यादा आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना अंतर्गत हितग्राहियों की 1 अप्रैल 2021 की स्थिति में निर्धारित पात्रता होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र के ऐसे सभी मूलनिवासी भूमिहीन कृषि मजदूर परिवार इस योजना का लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे, जिनके पास कृषि भूमि नहीं है। पट्टे पर प्राप्त शासकीय भूमि, वन अधिकार प्रमाण पत्र को कृषि भूमि माना जाएगा। आवासीय प्रयोजन हेतु धारित भूमि कृषि भूमि नहीं मानी जाएगी।

## डंडा और पत्थर से पत्नी की हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार

**» सारंगढ़ के ग्राम भैंजनार की घटना**



**रायगढ़।** थाना सारंगढ क्षेत्र अन्तर्गत दिनांक 12.09.2021 के रात्रि ग्राम भैंजनार में एक महिला की उसके पति द्वारा डंडा व पत्थर से चोट पहुंचाकर हत्या करने की सूचना पर थाना प्रभारी सारंगढ़ तत्काल दल बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा अरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी को आज ज्युडिसियल रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक दिनांक 12/09/2021 की रात्रि करीब 20.55 बजे थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक अमित शुक्ला को मोबाईल के जरिये सूचना मिला कि ग्राम भैंजनार में एक महिला का मर्डर हो गया है। सूचना पर थाना प्रभारी हमराह सहायक उप निरीक्षक कुसुम कैवर्त, प्रधान आरक्षक अर्जुन पटेल, बुद्धदेव बरिहा को साथ लेकर ग्राम भैंजनार मौके पर जाकर तस्दीक किये। मौके पर गांव का दीपक चौहान पिता छविलाल चौहान उम्र 23 साल सा0 भैंजनार थाना सारंगढ मौखिक रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि इसे दिनांक 12.09.2021 के रात्रि करीब 07.00 बजे गांव दयाराम मुंडा उसके घर के पास बताया कि शाम को उसने अपनी पत्नी पार्वती मुण्डा उम्र 37 वर्ष से 100 रूपये मांगा, नहीं दी तो गुस्से में आकर डंडा और पत्थर से पत्नी को मार कर हत्या कर दिया। पार्वती मुण्डा का लाश कमरा अंदर रखा है। घटना के संबंध में रिपोर्टकर्ता दीपक चौहान के रिपोर्ट पर आरोपी दयाराम मुण्डा उम्र 40 वर्ष साकिन भैंजनार थाना सारंगढ के विरूद्ध अप.क्र. 534/2021 धारा 302 आईपीसी दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया है, जिसके मेमोरेंडम पर घटना कारित डंडा, पत्थर को जप्त कर आरोपी को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## दुष्कर्म के आरोपी को धरमजयगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार




**रायगढ़।** दिनांक 12/09/2021 को थाना धरमजयगढ़ में युवती रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम दाहीडांड का करम सिंह पिता जंगल सिंह राठिया उम्र 22 वर्ष शादी का प्रलोभन देकर दिसम्बर 2019 से शारीरिक शोषण करता रहा, जो अब शादी से इंकार कर दिया। धरमजयगढ़ थाना प्रभारी अंजना केरकेट्टा द्वारा आरोपी को पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर ज्युडिसियल रिमांड पर भेजा गया है, आरोपी, युवती को उसके नाबालिग समय से शोषण कर रहा था।

पीड़िता बताई कि करम सिंह को काफी दिनों से जानती है, वर्ष 2019 में जब नाबालिग थी, उस समय करम सिंह पसंद करता हूं, शादी करूंगा बोला तो उसे मना की थी । करम सिंह लगातार इसी बात पर अड़ा था, दिसम्बर 2019 में करम मिलने बुलाया और जबरदस्ती खेत में शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद से करम सिंह शारीरिक संबंध बनाने लगा। इस मार्च महीने में करम को गर्भवती होने की बात बताई उस समय करम सिंह अपने साथ रखूंगा बोला। कुछ दिनों बाद करम सिंह गर्भपात के लिये कहने लगा और शादी करने से मना कर दिया और धीरे धीरे बातचीत करना भी बंद कर दिया। अब फोन भी नहीं उठाता है। दिनांक 12.09.21 को गांव में मीटिंग में करम सिंह को पूछने पर शादी करने से मना कर दिया। तब थाना में शिकायत की, युवती के रिपोर्ट पर आरोपी पर अप.क्र. 213/2021 धारा 366, 376 ताहि 51, 6 पॉक्सो एक्ट पंजीबद्ध क आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

### छत्तीसगढ़ में शुरू होगी बैडमिंटन अकादमी : मुख्यमंत्री ने की घोषणा

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ खेल प्राधिकरण के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के कोचों की नियुक्ति की जाएगी। छत्तीसगढ़ के बड़े उद्योगों को दी जाएगी स्टेडियम के रखरखाव की जिम्मेदारी। कोचों की नियुक्ति, खिलाड़ियों की आवासीय सुविधा और डाइट की व्यवस्था के लिए लिया जाएगा बड़े उद्योगों से सीएसआर मद से सहयोग मुख्यमंत्री ने सभी खेल संघों से अच्छे कोच नियुक्त करने का आग्रह किया। पुलिस और वन विभाग की तरह ही अन्य विभागों में खिलाड़ियों को नौकरी देने के संबंध में विचार विमर्श किया जाएगा। खेल प्राधिकरण की समिति में खिलाड़ी किए जाएंगे शामिल।

## भूतपूर्व सैनिकों के मेधावी पुत्र एवं पुत्रियाँ के छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 20 अक्टूबर तक

**रायपुर (आरएनएस)।** समामेलित विशेष निधि से शैक्षणिक वर्ष 2020-21 के लिए दी जाने वाली छात्रवृत्ति हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, रायपुर ने बताया कि सभी भूतपूर्व सैनिकों के मेघावी पुत्र एवं पुत्रियाँ जो कक्षा छठवी से बारहवी तक 71 प्रतिशत से अधिक तथा स्नातक की डिग्री करने वाले बच्चे जो 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है, वे छात्रवृत्ति हेतु आवेदन कर सकते है। ऐसे भूतपूर्व सैनिकों का पंजीयन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, रायपुर में हुआ है वे अपने बच्चों को छात्रवृत्ति दिये जाने हेतु आवेदन पत्र जिला सैनिक कल्याण कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय पर दूरभाष क्रमांक 0771-2237449 एवं मोबाइल- 8556999340 पर सम्पर्क किया जा सकता है। आवेदन पत्र के साथ सेवा पुस्तिका, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा जारी पहचान पत्र, विद्यार्थी की अंकसूची, प्राचार्य से सत्यापित किया हुआ प्रगति पत्रक, बैंक खाता का विवरण और आई एफ एस सी कोड सहित पास बुक की छायाप्रति संलग्न किया जाना आवश्यक है।

## आठ लाख के इनामी पीएलजी बटालियन नम्बर एक का नक्सली गिरफ्तार



**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना तर्रेम से जिला बल, एसटीएफ एवं केरिपु 222 का संयुक्त बल पटेलपारा, गोलगुण्डा की ओर निकली थी। अभियान के दौरान पटेलपारा एवं गोलगुण्डा के मध्य से 08 लाख का इनामी पीएलजी बटालियन नम्बर 01 का सक्रिय नक्सली मोतीराम अवलम पिता पुंगारू पिता स्व. आयतु अवलम निवासी कांडका स्कूलपारा थाना नैमेड़ को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार ईनामी नक्सली मोतीराम अवलम जिला बीजापुर एवं सुकमा के बड़ी घटनाओं में भी शामिल था। वर्ष 2010 में ताड़मेड़ला में सुरक्षा बलों पर घात लगाकर हमला करने की घटना में शामिल था, जिसमें 76 केरिपु बल के जवान शहीद हुये थे। वर्ष 2015 में ग्राम टोण्डामरका थाना चिंतागुफा जिला सुकमा में सुरक्षा बलों पर हमले की घटना में शामिल जिसमें 05 जवान शहीद हुये थे। वर्ष 2016 में ग्राम कसालपाड़ थाना चिंतागुफा जिला सुकमा में केरिपु बल की सर्चिंग पार्टी पर हमले में शामिल था, जिसमें 16 जवान शहीद हुये थे। वर्ष 2016 ग्राम पिड़मेल थाना दोरनापाल में एसटीएफ की सर्चिंग पार्टी पर हमले में शामिल था, जिसमें 05 जवान शहीद हुये थे। वर्ष 2017 को रोड ओपनिंग पार्टी पर एम्बुश लगाकर हमलें में शामिल था, जिसमें 25 जवान शहीद हुये थे। 19 जनवरी 2021 को थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत पूर्वती और पेद्दागेलुर के मध्य जंगलों में सुरक्षा बलों पर सिरियल ब्लास्ट एवं फायरिंग करने की घटना में शामिल था। थाना आवापल्ली में कार्यवाही उपरान्त न्यायालय बीजापुर पेश में आज पेश किया गया।

## भगोरा के पोषण वाटिका को मिला राज्य स्तरीय सम्मान

**» पोषण माह के तहत जिले में आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम**

**रायगढ़।** सितंबर महीना पोषण माह के तौर पर पूरे राज्य में मनाया जा रहा है। जिले में प्रतिदिन पोषण से संबंधित कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की जा रही है। एक सितंबर को महिला एवं बाल विकास विभाग एवं औद्योगिक संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में पोषण रथ निकालने के साथ ही पोषण माह की शुरुआत की गई।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन में जिले को कुपोषण मुक्त करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। बच्चों एवं गर्भवती माताओं को प्रोटीनयुक्त भोजन प्रदाय किया जा रहा है। बच्चों एवं महिलाओं को पोषणयुक्त साग-सब्जियां प्रदाय करने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका तैयार की गई है।

रायपुर में आयोजित पोषण सम्मेलन में तमनार सेक्टर के भगोरा आंगनबाड़ी के पोषण वाटिका को राज्य स्तरीय पुरस्कार मिला। जिसमें भगोरा आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता संध्यावली गुप्ता को सम्मानित किया गया। भगोरा आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता संध्यावली गुप्ता बताती हैं कि आंगनबाड़ी केन्द्र में कुल 35 बच्चे हैं जिनमें 3 कुपोषित हैं। 3 गर्भवती महिला और 2 महिला शिशुवती हैं। बीते डेढ़ साल में कोरोना संक्रमण काल में हमारी जिम्मेदारियां बढ़ गई थी। अब संक्रमण कम हुआ है तो हम अपने नियमित रूप से कार्य कर रहे है। आंगनबाड़ी के पोषण वाटिका का निरीक्षण कलेक्टर भीम सिंह ने



किया था और कार्य की प्रशंसा किए थे। राज्य स्तरीय सम्मान मिलना गर्व की बात है। हमारे वाटिका में पोषण युक्त हरी साग-सब्जियां लगाई गई हैं।

**हर त्योहार को मना रहे पोषण से जोड़कर** - निर्मला देवांगन तमनार क्षेत्र की पर्यवेक्षक बताती हैं मेरे सेक्टर में 24 आंगनबाड़ी केंद्र हैं जिनमें से 10 जगह पोषण वाटिका है और बाकी की जगहों पर वाटिका लगाने की तैयारी की जा रही है। भगोरा आंगनबाड़ी की पोषण वाटिका में मौसमी सब्जियों को उगाया गया, साथ ही वहां की कार्यकर्ता संध्यावली ने साग-सब्जियों के प्रति बच्चों, बड़ों में अपनी वाटिका से जोड़ा है। हमने पोला के दिन बच्चों को खेल-खेल में पोषण के बारे में बताया, तीज में महिलाओं को मेहंदी इत्यादि माध्यमों से पोषण के महत्व को समझाया। यानि हर त्योहार को पोषण से जोड़ा जा रहा है। रायपुर में आयोजित पोषण सम्मेलन में महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी टी.के.जाटवर, शहरी क्षेत्र की सुपरवाईजर दीपा सिंह, तमनार क्षेत्र की सुपरवाइजर निर्मला देवांगन और भगोरा आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता संध्यावली गुप्ता शामिल हुए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480